
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




2024


teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 06 मई

1. **मोतीलाल नेहरू का जन्म–** मोतीलाल नेहरू का जन्म 6 मई, 1861 ई. को आगरा में हुआ था। उनके पिता का नाम गंगाधर नेहरू था। वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आरंभिक कार्यकर्ताओं में से एक थे। जालियांवाला बाग हत्याकाण्ड के बाद 1919 ई. में अमृतसर में हुई कांग्रेस की बैठक में वे पहली बार अध्यक्ष बने और फिर 1928 ई. में कलकत्ता अधिवेशन में दोबारा कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये। भारत की आजादी के लिए कई बार जेल भी गये। उन्होंने देशबन्धु चित्तरंजन दास के साथ मिलकर फरवरी, 1923 में स्वराज पार्टी की स्थापना भी किया। वे पेशे से एक जाने माने वकील थे।

   - **संदर्भः** बच्चों को इतिहास की पाठ्यपुस्तक **अतीत से वर्तमान भाग 3 अध्याय 12 'राष्ट्रीय आंदोलन'** में 'अगली लड़ाई की तैयारी' अनुच्छेद से जोड़कर चर्चा करें।

2. **घाघरा का युद्ध–** 6 मई, 1529 ई. को बाबर का अफगानों से घाघरा के स्थान पर (घाघरा नदी के किनारे) युद्ध हुआ। इस युद्ध में अफगानियों की सेना कमजोर थी, लिहाजा उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए घाघरा नदी में उतर जाना बेहतर समझा। लेकिन सेना ने वहाँ भी उनका पीछा नहीं छोड़ा और सैनिकों ने नाव पर ही युद्ध लड़ा। देखते ही देखते घाघरा की जमीन और नदी खून से लाल हो गयी। इस युद्ध में बाबर ने बंगाल एवं बिहार के संयुक्त सेना को परास्त किया। परिणाम स्वरूप बाबर का साम्राज्य ऑक्सस से घाघरा और हिमालय से ग्वालियर तक विस्तृत हो गया।

   - **संदर्भः** बच्चों को इतिहास की पाठ्यपुस्तक **अतीत से वर्तमान भाग 2 अध्याय 4 'मुगल साम्राज्य'** से जोड़कर चर्चा करें।

Monday

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

6 मई

मधु प्रिया

## मोतीलाल नेहरू का जन्म 6 मई



मोतीलाल नेहरू प्रयागराज के एक प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं ब्रिटिशकालीन राजनेता थे। वे भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू के पिता थे। वे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के आरम्भिक कार्यकर्ताओं में से थे। जलियांवाला बाग काण्ड के बाद 1919 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के वे पहली बार अध्यक्ष बने और फिर 1928 में कलकत्ता में दोबारा कांग्रेस के अध्यक्ष बने। मोतीलाल नेहरू का जन्म 6 मई 1861को आगरा में हुआ था। उनके पिता का नाम गंगाधर था। वह पश्चिमी ढँग की शिक्षा पाने वाले प्रथम पीढ़ी के गिने-चुने भारतीयों में से थे। वह इलाहाबाद के म्योर केंद्रीय महाविद्यालय में शिक्षित हुए किन्तु बी०ए० की अन्तिम परीक्षा नहीं दे पाये। बाद में उन्होंने कैम्ब्रिज से "बार ऐट लॉ" की उपाधि ली और अंग्रेजी न्यायालयों में अधिवक्ता के रूप में कार्य प्रारम्भ किया।मोतीलाल नेहरू की पत्नी का नाम स्वरूप रानी था। जवाहरलाल नेहरू उनके एकमात्र पुत्र थे। उनके दो कन्याएँ भी थीं। उनकी बडी बेटी का नाम विजयलक्ष्मी था, जो आगे चलकर विजयलक्ष्मी पण्डित के नाम से प्रसिद्ध हुई। उनकी छोटी बेटी का नाम कृष्णा था। जो बाद में कृष्णा हठीसिंह कहलायीं।लेकिन आगे चलकर उन्होंने अपनी वकालत छोड दी थी 1923 में उन्होने देशबंधु चित्तरंजन दास के साथ काँग्रेस पार्टी से अलग होकर अपनी स्वराज पार्टी की स्थापना की। 1928 में कोलकाता में हुए काँग्रेस अधिवेशन के वे अध्यक्ष चुने गये। 1928 में काँग्रेस द्वारा स्थापित भारतीय संविधान आयोग के भी वे अध्यक्ष बने। इसी आयोग ने नेहरू रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। मोतीलाल नेहरू ने इलाहाबाद में एक अलीशान घर बनवाया और उसका नाम आनंद भवन रखा। इसके बाद उन्होंने अपना पुराना वाला घर स्वराज भवन काँग्रेस दल को दे दिया। मोतीलाल नेहरू का 1931 में इलाहाबाद में निधन हुआ।

# जयंती विशेष 06 मई

राकेश कुमार

राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए
स्वराज पार्टी की स्थापना करने वाले
स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष



6 MAY 1861 - 6 FEB 1931

## पंडित मोतीलाल नेहरू

जयंती पर सादर नमन

**पं. मोतीलाल नेहरू** Pt. Motilal Nehru, जन्म: 6 मई, 1861 - मृत्यु: 6 फ़रवरी, 1931) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पिता थे। ये कश्मीरी ब्राह्मण थे। इनकी पत्नी का नाम 'स्वरूप रानी' था। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में मोतीलाल नेहरू एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने न केवल अपनी ज़िंदगी की शानोशौकत को पूरी तरह से ताक पर रख दिया बल्कि देश के लिए परिजनों सहित अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। मोतीलाल नेहरू अपने समय में देश के प्रमुख वकीलों में थे।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.05.2024

## समास

समास शब्द-रचना की ऐसी प्रक्रिया है जिसमें अर्थ की दृष्टि से परस्पर भिन्न तथा स्वतंत्र अर्थ रखने वाले दो या दो से अधिक शब्द मिलकर किसी अन्य स्वतंत्र शब्द की रचना करते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**साल 2022 में राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री से सम्मानित कलाकार Darshanam Mogulaiah फिलहाल लेबर का काम करते नजर आए हैं।**

# TOB बूझो तो जानें. .



394

एक पेड़ में एक ही पत्ती, वो भी रंग बिरंग, करते सभी नमन हैं उसको, मन मे भरे उमंग .... बुझो तो जानें ?






संजय कुमार

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 377

**तीरंदाजी विश्व कप 2024 का आयोजन किस देश में हुआ ?**

A. भारत

B. जापान

C. चीन

D. इंग्लैंड






सही उत्तर: C

**TOB**

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## ICC क्रिकेट की आने वाली प्रतियोगिताएं





देश के विकास में अमूल्य योगदान देने वाले

भूतपूर्व राष्ट्रपति

# ज्ञानी जैल सिंह

जी की जयंती पर सादर नमन।

Madhu priya

जन्म- 5 मई 1916 -मृत्यु – 25 दिसंबर 1994

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू के पिता, भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के आरम्भिक कार्यकर्ताओं में से एक

# मोतीलाल नेहरू

जी की जयंती पर सादर नमन।

जन्म: 6 मई 1861 - मृत्यु: 6 फरवरी 1931



मधु प्रिया

www.teachersofbihar.org

06 मई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हम सोचते बहुत ज्यादा हैं लेकिन

महसूस बहुत कम करते हैं।

**चार्ली चैपलिन**



राकेश कुमार